10TH FA-3 HINDI MODEL PAPER-1
FORMATIVE ASSESSMENT-III (2022 – 23)
(SECOND LANGUAGE – HINDI)

20

कक्षा: दसवीं कक्षा — समय : 45 मि.

नाम : — क्र.सं : — अंक : 20

सूचना: 1) प्रश्न पत्र के उत्तर लिखने के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित है।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। **4 x 1 =4**

1. आप अपने जलाशयों...... साफ और सुरक्षित रखें। (सही कारक चिह्न पहचानिए)

का	के	को

2. जो विज्ञान से संबंध रखता है। (एक शब्द में लिखिए)
3. 1556 (अक्षरों में लिखिए)
4. पवित्र (संधि विच्छेद कीजिए)

II. 5. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब लिखिए । **5 X 1 = 5**

माता गोदावरी! राम-लक्ष्मण और सीता से लेकर बूढ़े जटायु तक सबको तूने ही स्तन्य-पान कराया है। तेरे तट पर शूरवीर भी पैदा हुए हैं और बड़े-बड़े तत्व - ज्ञानी भी, साधू-संत भी जन्मे, धुरंधर राजनीतिज्ञ भी और ईश्वर भक्त भी। चारों वर्णों की तू माता है। मेरे पूर्वजों की तू अधिष्ठात्री देवी है। नयी-नयी आशाओं को लेकर मैं तेरे दर्शन के लिए आया हूँ। तेरे जल में अमोघ शक्ति है, तेरे पानी की एक बूँद का सेवन भी व्यर्थ नहीं जाता।

अ. बड़े-बड़े तत्वज्ञानी कहाँ जन्म लिये हैं ?

आ. कवि ने गोदावरी को किस शब्द से संबोधन किया ?

इ. अमोघ शक्ति कहाँ है ?

ई. चारों वर्णों की माता कौन है ?

उ. गोदावरी माता किनकी अधिष्ठात्री देवी हैं ?

III. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए। **1 x 3 = 3**

6. राजू ने अपने स्कूल को किस तरह उपहार समर्पित किया ?

IV. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर सात या आठ वाक्यों में लिखिए। **2 x 4 = 8**

7. रहीम के दोहों का भाव अपने शब्दों में लिखिए |

8. जल स्रोतों के रख-रखाव के बारे में आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com